## संक्षिप्त समाचार

### पैरों-गले में काला धागा; गुरुग्राम में गंदे नाले में मिली महिला की सड़ी गली लाश

**मानेसर , एजेंसी।** मानेसर औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर-आठ में एक गंदे नाले से किसी महिला की सड़ी-गली हालत में लाश बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि लाश करीब 25 साल की महिला की है। लाश पर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं हैं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आईएमटी मानेसर के जांच अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि आईएमटी मानेसर क्षेत्र के सेक्टर 8 में एक नाले में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। मृतक महिला के शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं है। लाश सड़ी-गली अवस्था में मिलने के कारण संदेह है कि उसको करीब पांच दिन पहले नाले में फेंका गया था। उन्होंने बताया कि महिला के पैरों और गर्दन पर काला धागा बंधा हुआ था। महिला की लाश शुक्रवार देर रात नाले से निकाली गई। सब इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि डेड बॉडी को पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है। आगे की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। महिला ने हरे रंग की कमीज और भूरे रंग की पजामी पहनी हुई है। उसकी उम्र करीब 25 साल लग रही है। शुक्रवार शाम को महिला का शव नाले से निकाला गया था। वहीं गुरुग्राम जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दुष्कर्म के एक मामले में एक आरोपी को दोषी करार दिया। उसे उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। इसके साथ-साथ दोषी पर 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। 11 जून, 2020 को थाना सेक्टर-40 में 15 साल की एक लड़की से दुष्कर्म होने की एक शिकायत पहुंचीं थी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके छत्तीगढ़ के जशपुर के गांव औरादोली निवासी रमन उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया था। मामला अदालत में चला। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अश्वनी कुमार ने इस आरोपी को दोषी करार दिया था।

### गुरुग्राम में छात्र ने ही दी थी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, वजह कर देगी हैरान

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम में एक 12 साल के छात्र की हैरान कर देने वाली करतूत सामने आई है। एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले इस छात्र ने ऑनलाइन कक्षाएं लगाने के लिए संस्थान को बम की धमकी वाला ई-मेल भेज दिया। गुरुग्राम पुलिस ने शनिवार को इस घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध (दक्षिण) पुलिस स्टेशन में स्कूल को बम से धमकि मिलने को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी छात्र की पहचान कर ली गई है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो ऑनलाइन क्लास के लिए छात्र ने सेक्टर-65 स्थित श्रीराम मिलेनियम स्कूल में बम का धमाका करने की धमकी दी थी। उसने स्कूल को यह धमकी ऑनलाइन क्लास लगवाने के लिए ई-मेल के माध्यम से दी थी। 12 वर्षीय इस छात्र को गुरुग्राम पुलिस ने जांच में शामिल करके पूछताछ शुरू कर दी है। श्रीराम मिलेनियम स्कूल के एक पदाधिकारी ने थाना साइबर अपराध, दक्षिण में शिकायत दी थी कि अज्ञात शख्स ने ई-मेल के माध्यम से स्कूल में बम से धमाका करने की धमकी दी है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि ई-मेल लिखने वाला 12 साल का एक बच्चा है, जो इस स्कूल का छात्र है। पुलिस पूछताछ में इस छात्र ने बताया कि ऑनलाइन क्लास लगवाने के लिए उसने स्कूल में बम का धमाका करने की धमकी दी थी। पुलिस ने इस छात्र को जांच में शामिल किया है। साइबर अपराध के सहायक पुलिस आयुक्त प्रियांशु दीवान ने बताया कि स्कूल प्रबंधन से शिकायत मिलने के बाद जांच की जिम्मेदारी थाना साइबर अपराध, दक्षिण के प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार को सौंपी थी। ये धमकी गत 18 दिसंबर को ई-मेल के माध्यम से दी गई थी।

### अल्बानिया ने टिकटॉक को एक साल के लिए बंद करने का फैसला किया

**तिराना, एजेंसी।** अल्बानिया के प्रधानमंत्री ने वीडियो सेवा 'टिकटॉक' पर खासकर बच्चों में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उसे एक साल के लिए बंद किए जाने की शनिवार को घोषणा की। अल्बानियाई अधिकारियों ने नवंबर के मध्य में टिकटॉक पर शुरू हुए झगड़े के बाद एक किशोर की दूसरे किशोर द्वारा चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद शिक्षकों और अभिभावकों के साथ 1,300 बैठक कीं। प्रधानमंत्री एडी रामा ने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ एक बैठक में कहा कि टिकटॉक ''सभी के लिए पूरी तरह से बंद किया जाएगा... अल्बानिया गणराज्य में टिकटॉक उपलब्ध नहीं होगा।'' रामा ने कहा कि यह फैसला अगले साल से लागू होगा। वहीं टिकटॉक ने चाकू घोंपने वाले किशोर के मामले पर ''अल्बानिया सरकार से तत्काल स्पष्ट जानकारी'' मुहैया कराने को कहा है। कंपनी ने कहा कि उसे ''इस बात का कोई सबूत नहीं मिला है कि अपराधी या पीड़ित का 'टिकटॉक अकाउंट' था और कई रिपोर्ट ने वास्तव में पुष्टि की है कि इस घटना से जुड़े वीडियो टिकटॉक पर नहीं बल्कि किसी अन्य मंच पर साझा किए गए थे।'' स्थानीय शोधकर्ताओं के अनुसार देश में टिकटॉक इस्तेमाल करने वालों में बच्चों की संख्या सबसे अधिक है।

# भारत कभी भी दूसरों को अपने निर्णयों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं दे सकता: जयशंकर



**मुंबई, एजेंसी।**
विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत कभी भी दूसरों को अपने निर्णयों पर हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं देगा. वह राष्ट्रीय हित तथा वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा, वह करेगा और उसे अनुरूपता से डरने की जरूरत नहीं होगी. जयशंकर ने मुंबई में एक समारोह के लिए दिए गए वीडियो संदेश में कहा कि जब भारत वैश्विक चेतना में अधिक गहराई से अंकित होता है. इसके परिणाम वास्तव में बहुत गहरे होते हैं. अस्वस्थ आदतों, तनावपूर्ण जीवनशैली या बार-बार होने वाली जलवायु घटनाओं से जूझ रही दुनिया में भारत की विरासत से बहुत कुछ सीखा जा सकता है. हालांकि दुनिया को तभी पता चलेगा जब देशवासी इस पर गर्व करेंगे. जयशंकर ने कहा कि वैश्वीकरण के युग में प्रौद्योगिकी और परंपरा को एक साथ चलना चाहिए. भारत निश्चित रूप से प्रगति करेगा लेकिन उसे अपनी भारतीयता खोए बिना ऐसा करना होगा. तभी हम बहुध्रुवीय दुनिया में वास्तव में एक अग्रणी शक्ति के रूप में उभर सकते हैं. जयशंकर को 27वें एसआईईएस श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया. ये पुरस्कार चार क्षेत्रों में दिए जाते हैं. इनमें सार्वजनिक नेतृत्व, सामुदायिक नेतृत्व, मानव प्रयास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा सामाजिक नेतृत्व शामिल हैं. इसमें अध्यात्मवाद को प्राथमिकता दी जाती है. इन पुरस्कारों का नाम कांची कामकोटि पीठम के दिवंगत 68वें संत श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती के नाम पर रखा गया है. विदेश मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए, लेकिन उन्होंने अपना वीडियो संदेश भेजा. उन्होंने कहा, स्वतंत्रता को कभी भी तटस्थता के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए. हम राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा, वह बिना किसी डर के करेंगे. भारत कभी भी दूसरों को अपने विकल्पों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं दे सकता है. जयशंकर ने कहा, बहुत समय से हमें प्रगति और आधुनिकता को अपनी विरासत और परंपराओं की अस्वीकृति के रूप में देखने की शिक्षा दी गई है. जयशंकर ने कहा कि भारत एक असाधारण राष्ट्र है क्योंकि यह एक सभ्यता वाला देश है. उन्होंने कहा कि ऐसा देश तभी प्रभाव डालेगा जब वह वैश्विक क्षेत्र में अपनी सांस्कृतिक ताकत का पूरा लाभ उठाएगा. उन्होंने कहा, इसके लिए यह आवश्यक है कि हम खुद युवा पीढ़ी अपनी विरासत के मूल्य और महत्व से पूरी तरह अवगत हों.

जयशंकर ने कहा कि भारत आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है. एक ओर पिछले दशक ने यह प्रदर्शित किया है कि उसके पास क्षमताएं, आत्मविश्वास और सबसे महत्वपूर्ण बात, व्यापक मोर्चों पर विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता है. इसने दिखाया है कि गरीबी, भेदभाव और अवसरों की कमी जैसी सदियों पुरानी समस्याओं का समाधान वास्तव में किया जा सकता है.

# संध्या थिएटर की घटना पर बोले अल्लू अर्जुन- मेरे चरित्र की हत्या की जा रही



**हैदराबाद, एजेंसी।**
संध्या थिएटर में हुआ घटना को पुष्पा 2 एक्टर अल्लू अर्जुन ने दुर्घटना बताया है। इस मामले को लेकर शनिवार को उन्होंने कहा कि मेरे चरित्र की हत्या की जा रही है। 4 दिसंबर की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए अल्लू अर्जुन ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। यह पूरी तरह से एक दुर्घटना है। परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। मैं अस्पताल में भर्ती बच्चे की स्थिति के बारे में हर घंटे अपडेट ले रहा हूं। उसकी हालत में सुधार हो रहा है। यह बहुत अच्छा है। बहुत सारी गलत सूचनाएं हैं, झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। मैं किसी विभाग या राजनेता को दोष नहीं देना चाहता। मेरे चरित्र की हत्या की जा रही है। अल्लू अर्जुन की यह प्रतिक्रिया तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर आरोपों के बाद आई है। सीएम ने कहा कि पुलिस की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद अल्लू अर्जुन 4 दिसंबर को 'पुष्पा-2' की स्क्रीनिंग के दौरान संध्या थिएटर गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भगदड़ में एक महिला की मौत के बाद भी अभिनेता सिनेमा हॉल से बाहर नहीं गए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें जबरन बाहर निकाला। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन के विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी ने भी विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अल्लू अर्जुन को भगदड़ और मौत की जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा कि अब फिल्म हिट होगी। 4 दिसंबर को भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस दौरान 35 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और उसके 8 वर्षीय बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सीएम रेड्डी ने प्रसारित वीडियो का हवाला देते हुए अल्लू अर्जुन पर रोड शो निकालने और भारी भीड़ के बावजूद भीड़ को देखकर हाथ हिलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सिनेमाघर प्रबंधन ने 2 दिसंबर को पुलिस को एक पत्र लिखा था, जिसमें चार दिसंबर को अल्लू अर्जुन और अन्य लोगों के आने के दौरान सुरक्षा की मांग की गई थी। हालांकि, पुलिस ने भीड़ प्रबंधन में कठिनाइयों और प्रवेश व निकास के लिए केवल एक द्वार होने का हवाला देते हुए आवेदन को खारिज कर दिया था।

# गुरुग्राम से झज्जर एम्स तक मेट्रो चलाने की तैयारी



**गुरुग्राम, एजेंसी।**
अगले कुछ वर्षों में गुरुग्राम से झज्जर एम्स तक मेट्रो चल सकती है। हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एचएमआरटीसी) की तरफ से झज्जर के गांव बाड़सा स्थित एम्स तक मेट्रो का विस्तार करने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (राइट्स) को सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अगले महीने तक यह सर्वे रिपोर्ट आने की उम्मीद है। यह सर्वे दो मेट्रो रूट पर किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट में राइडरशिप को देखा जाएगा, जिसके बाद फैसला लिया जाएगा कि किस मेट्रो मार्ग से एम्स को जोड़ा जाए। इसके बाद डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा।

गुरुग्राम से झज्जर एम्स तक काफी संख्या में मरीज जाते हैं। मौजूदा समय में गुरुग्राम-झज्जर के बीच सड़क मार्ग द्वारका एक्सप्रेसवे के पास संकरा है। इस वजह से सुबह और शाम के समय इस रोड पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। पीडब्ल्यूडी बीएंडआर ने द्वारका एक्सप्रेसवे से एम्स तक नया रोड निकालने की योजना बनाई थी, लेकिन किसानों द्वारा जमीन की अधिक कीमत मांगने के कारण यह परियोजना अभी सिरे नहीं चढ़ सकती है। इस बीच एचएमआरटीसी ने एम्स तक मेट्रो का विस्तार करने की तैयारी के तहत राइट्स को राइडरशिप का सर्वे करने की जिम्मेदारी सौंप दी है।

इस सर्वे में राइट्स को यह देखना है कि ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के द्वारका एक्सप्रेसवे पर प्रस्तावित सेक्टर-101 (गांव बसई) मेट्रो स्टेशन से झज्जर एम्स तक मेट्रो का विस्तार किया जाए या दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के ढांसा मेट्रो स्टेशन से मेट्रो का विस्तार किया जाए। सूत्रों के मुताबिक, यह रिपोर्ट जनवरी माह के अंत तक एचएमआरटीसी के पास पहुंच जाएगी। द्वारका एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-101 से एम्स, झज्जर की दूरी करीब 14 किलोमीटर है, जबकि दिल्ली के ढांसा मेट्रो स्टेशन से नजफगढ़ होते हुए एम्स, झज्जर की दूरी करीब 20 किलोमीटर है।

एम्स के एक कर्मचारी ने बताया कि गुरुग्राम के झज्जर स्थित एम्स तक परिवहन व्यवस्था फिलहाल बदहाल अवस्था में है। राजस्थान या मध्य प्रदेश से ट्रेन या बस के माध्यम से आ रहे मरीजों को बेहद असुविधा होती है। गुरुग्राम रेलवे स्टेशन या इफको चौक बस स्टॉप पर उतरने के बाद मरीज जैसे-तैसे बस और ऑटो में सफर करके एम्स तक जाते हैं। एम्स तक की सीधी बस न तो हरियाणा रोडवेज ने चलाई हुई है और न ही सिटी बस चलती है। ऐसे में मरीजों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। एम्स में रोजाना 1000 मरीज पहुंचते हैं, जिसमें से नए मरीजों की ओपीडी 400 है। दिल्ली से बाड़सा तक बस चलाई हुई है। ऐसे में बिहार और उत्तर प्रदेश से इलाज करवाने इस अस्पताल में जा रहे लोगों को असुविधा नहीं होती है।

# डीएनडी फ्लाईवे बनाने वाली एनटीबीसीएल कंपनी को एक और झटका, नोएडा अथॉरिटी वापस लेगी 330 एकड़ जमीन



**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा प्राधिकरण ने वर्ष 1997 में डीएनडी फ्लाईवे बनाने के लिए नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड को 454 एकड़ जमीन दी थी। इसमें से करीब 124 एकड़ जमीन पर डीएनडी और अन्य निर्माण हो रखे हैं। प्राधिकरण अब खाली पड़ी करीब 330 एकड़ जमीन वापस लेगा। इस जमीन की कीमत अरबों रुपये है। प्राधिकरण ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मौके पर कितनी जमीन खाली है, इसका आकलन करने के लिए फिर से सर्वे कराया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनाए फैसले में कहा कि डीएनडी पर कोई टोल नहीं लगेगा। इससे पहले वर्ष 2016 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी यही फैसला सुनाया था। इस मामले में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का विस्तृत आदेश आना बाकी है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी। जब सुप्रीम कोर्ट ने टोल नहीं लिए जाने का आदेश दिया है तो ऐसे में खाली जमीन भी टोल ब्रिज कंपनी के पास नहीं रहेगी। नोएडा प्राधिकरण खाली पड़ी जमीन को वापस लेगा। जमीन वापस मिलने पर प्राधिकरण इसका इस्तेमाल करने की योजना तैयार करेगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि टोल ब्रिज कंपनी के साथ डीएनडी बनाने के लिए 12 नवंबर 1997 को अनुबंध हुआ था। इसके कुछ महीने बाद ही जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। यह जमीन अलग-अलग चरणों में दी गई। नोएडा प्राधिकरण के अलावा दिल्ली सरकार, सिंचाई विभाग समेत अन्य विभागों ने भी जमीन दी थी। इसमें डूब क्षेत्र व अन्य तरह की जमीन भी शामिल है। निर्माण पूरा होने पर सात फरवरी 2001 को डीएनडी की शुरुआत हो गई थी। खास बात यह है कि डीएनडी बनाने के लिए टोल ब्रिज कंपनी को दी गई 454 एकड़ में से करीब 330 एकड़ जमीन अब भी खाली है। बाकी हिस्से में डीएननी का रास्ता, कंपनी का ऑफिस व अन्य चीजें बनी हुई हैं। सीएजी ने वर्ष 2017 तक नोएडा प्राधिकरण से जुड़े हर कामकाज की जांच की थी। इस जांच में टोल ब्रिज कंपनी को कुल दी गई जमीन और खाली पड़ी जमीन को लेकर भी आपत्ति उठाई गई थी।

## कनाडा की राह पर बांग्लादेश : लगाया नया आरोप, कहा- हमारे लोगों को जबरन गायब करने में भारत शामिल



**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश सरकार लगता है कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार की राह पर चल रही है और भारत बेबुनियाद आरोप मढ़ रही है। नए आरोप में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की ओर से गठित एक जांच आयोग ने कहा है कि उसने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन के दौरान 'जबरन गायब करने की कथित घटनाओं में भारत की 'संलिप्तता पाई है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने शनिवार को यह खबर दी। बांग्लादेश संगबाद संस्था ने जबरन गायब करने पर जांच आयोग के हवाले से कहा, ''बांग्लादेश की जबरन गायब करने की प्रणाली में भारतीय भागीदारी सार्वजनिक अभिलेख का मामला है।

खबर में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय आयोग के अनुसार, ''कानून प्रवर्तन हलकों में लगातार सुझाव दिये गए थे कि कुछ बांग्लादेशी कैदी अब भी भारतीय जेलों में कैद हो सकते हैं। आयोग ने कहा, ''हम विदेश और गृह मंत्रालयों को सलाह देते हैं कि वे ऐसे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें जो अब भी भारत में कैद हैं। बांग्लादेश के बाहर इस राह पर चलना आयोग के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। कुछ दिन पहले आयोग ने अनुमान लगाया था कि जबरन गायब किये गए लोगों की संख्या 3,500 से अधिक होगी।

# बाइडेन ने विदाई से पहले ताइवान को दी सौगात

**वाशिंगटन , एजेंसी।** ताइवान को चीन के बढ़ते सैन्य दबाव से बचाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी विदाई से पहले बड़ी सौगात के रूप में 571.3 मिलियन डॉलर की रक्षा सहायता को मंजूरी दी है। इसके साथ ही अमेरिकी विदेश विभाग ने ताइवान को 265 मिलियन डॉलर मूल्य के सैन्य उपकरण बेचने की संभावित मंजूरी भी दी है। बाइडेन के इस फैसले से चीन बुरी तरह चिढ़ गया है। बाइडेन ने विदेश मंत्री को निर्देश दिया है कि रक्षा विभाग की सामग्री, सेवाओं और सैन्य प्रशिक्षण के तहत ताइवान को यह सहायता प्रदान की जाए। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह सहायता ताइवान की सुरक्षा को मजबूत करेगी और क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ाएगी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका की दृढ़ सुरक्षा गारंटी के लिए धन्यवाद दिया है। मंत्रालय ने कहा कि दोनों देश ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। पेंटागन ने बताया कि ताइवान को कमांड, नियंत्रण, संचार और कंप्यूटर आधुनिकीकरण उपकरणों की बिक्री की अनुमति दी गई है। ये उपकरण ताइवान की रक्षा प्रणाली को मजबूत करेंगे और आधुनिक युद्ध की चुनौतियों का सामना करने में मदद करेंगे।

नई एवं तरोताजा खबरों के लिए भेदी नजर पढ़िए, समय के साथ चलिए
सुनहरा मौका वार्षिक ग्राहक बनिए और
वीआईपी एल्फा सूटकेस कीमत रु. 900 प्राप्त करिए
भेदी नजर समाचार पत्र के ग्राहक बनें
मात्र 700 रूपये दीजिए और वार्षिक ग्राहक बनने के अलावा तुरंत पाइए
और अन्य आकर्षक उपहार के लिए
बम्पर ड्रा
पहला इनाम

एक हीरो बाईक
दूसरा इनाम

एक सोनी एलसीडी 32 इंच
व अन्य आकर्षक ईनाम
तीसरा इनाम

बीस मोबाईल फोन
- कोई भी व्यक्ति एजेंट 500 से अधिक मेंबर बना लेगा तो उसे अलग से उपहार दिया जाएगा।
- ये स्कीम एक जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक चलेगी।
- 31 दिसम्बर 2024 को 1000 सदस्य बनाने पर बम्पर ड्रा निकाला जाएगा जिसमें उपरोक्त इनाम
- हरियाणा के किसी भी मंत्री द्वारा दिए जाएंगे।
- ड्रा बम्पर ड्रा में भेदी नजर के वार्षिक मेम्बर ही भाग ले सकते है।
- भेदी नजर प्रत्येक माह की पहली तारिख को कूपन छापेगा।

किराए के लिए ख़ाली है
1-3600 वर्ग फुट कमर्शियल हॉल सेमी फर्निश्ड मेन रोड सेक्टर 10 टी सी काम्प्लेक्स फ़रीदाबाद में।
2-1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड टी सी काम्प्लेक्स सेक्टर 10 फ़रीदाबाद में ।
3 - टू बेड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में ।
4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेकंड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फ़रीदाबाद में ।
इच्छुक व्यक्ति फ़ोन नंबर 9999446252,,9811157562 पर संपर्क करें ।

- सूचना -
फ़रीदाबाद ज़िला में भेदीनज़र समाचारपत्र में अपने समाचार,विज्ञापन देने और अख़बार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें -
1-गोपाल न्यूज़ एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बल्लभगढ़
मोबाइल नम्बर-9811477 204
2-नरेंद्र बुक्स शाप
मूँगफली चौक ऐन.आई. टी. नम्बर -5 फ़रीदाबाद
मोबाइल नम्बर : 9810229192
3-दीक्षित न्यूज़ एजेन्सी ओल्ड फ़रीदाबाद
मोबाइल-98111 59238

छोटा विज्ञापन
बड़ा फायदा
आज ही स्पेस बुक कराएं
कॉल करें
0120-4152063,
9811157 562

आर.एन.आई. नं.
DEL/HIN/2004/13528
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
उमा पब्लिकेशनस्
1001/1002 दसवां तल नौरंग हाऊस, 21 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली -1 से प्रकाशित
एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस
ई-33 सेक्टर -7 नोएडा से मुद्रित
संपादक
उमा शर्मा
प्रधान संपादक
गिरीश चन्द्र शर्मा
फोन नं. -
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8
0129-2977562
फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640
मो. : 9811157 562,
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा ।
पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की ज़िम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान ,संपादक और प्रधान संपादक क़ानूनन ज़िम्मेदार नहीं होगा